Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# MPPSC
# SSE (P)

## Previous Year Paper
### (General Studies)
### 16 Feb, 2025

Teachingninja.in

Teachingninja.in

A

# SPE/I/2025

SET **A**

# GENERAL STUDIES

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No. 5119029

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें
Candidate should write Roll No. in the given boxes

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : **28**

कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : **100**

समय/Time : **2 घण्टे/Hours**

पूर्णांक/Total Marks : **200**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भाषाओं – हिन्दी व अंग्रेज़ी में छपी है । परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी भाषा चुन सकते हैं ।
2. प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्नों की निर्धारित संख्या **100** है । परीक्षार्थी आश्वस्त हो लें कि प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में प्रश्न मुद्रित हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग लें ।
3. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।
4. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
5. प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर प्रश्न-पुस्तिका में लगे पृष्ठों की संख्या दी गई है । परीक्षार्थी आश्वस्त हो लें कि प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित संख्या में पृष्ठ लगे हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न-पुस्तिका माँग लें ।
6. प्रदत्त उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें ।
7. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं ।
8. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्य कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं ।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा ।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. This Question Booklet is printed in Hindi and English languages. Candidates should select any one of the two languages according to their convenience.
2. The Question Booklet contains **100** questions. The examinee should verify that the requisite number of questions are printed in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
3. **All** questions are compulsory.
4. **All** questions carry equal marks.
5. The cover page indicates the number of pages in the Question Booklet. The examinee should verify that the requisite number of pages are attached in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
6. Read carefully the instructions given on the Answer Sheet (OMR Sheet) supplied and indicate your answers accordingly.
7. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) at the places indicated and nowhere else.
8. Examinee should do all rough work in the space meant for rough work on pages given at the end of the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).
9. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard.



Teachingninja.in

1. कांची का कैलासनाथर मंदिर किस शैली में बना है ?
(A) राजसिम्हा शैली
(B) मामल्ल शैली
(C) महेन्द्र शैली
(D) नंदीवर्मन शैली

2. 'एडोब फोटोशॉप' किस प्रकार के सामान्य प्रयोजन एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर का एक उदाहरण है ?
(A) ग्राफिक्स सॉफ्टवेयर
(B) मल्टीमीडिया सॉफ्टवेयर
(C) वेब सीरीज़ सॉफ्टवेयर
(D) डेटाबेस सॉफ्टवेयर

3. राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के अनुसार कितने राज्य और केन्द्र-शासित प्रदेश बनाए गए थे ?
(A) 11 राज्य और 6 केन्द्र-शासित प्रदेश
(B) 12 राज्य और 7 केन्द्र-शासित प्रदेश
(C) 13 राज्य और 7 केन्द्र-शासित प्रदेश
(D) 14 राज्य और 6 केन्द्र-शासित प्रदेश

4. मुस्लिम लीग ने 'सीधी कार्यवाही' करने की घोषणा कब की ?
(A) 22 जून, 1946
(B) 16 अगस्त, 1946
(C) 22 अक्टूबर, 1946
(D) 22 अगस्त, 1946

5. 6 अप्रैल, 1930 की तिथि भारत के इतिहास में अच्छी तरह जानी जाती है क्योंकि यह तिथि संबंधित है :
(A) भारत छोड़ो आन्दोलन से
(B) बंगाल विभाजन से
(C) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड से
(D) महात्मा गाँधी द्वारा डांडी यात्रा से

6. भारत में किसी राज्य को विशेष दर्जा देने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा पैरामीटर सामान्यत: स्वीकार *नहीं* किया जाता है ?
(A) पहाड़ी व कठिन भू-भाग
(B) कम जनसंख्या घनत्व
(C) अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की बड़ी आबादी
(D) अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं के साथ रणनीतिक स्थान

7. 18वीं लोकसभा के स्पीकर द्वारा वर्ष 2024 – 25 के लिए गठित संसदीय समितियों के अध्यक्षों की नियुक्ति के संबंध में कौन-सा युग्म *ग़लत* है ?
(A) लोक लेखा समिति – के.सी. वेणुगोपाल
(B) प्राक्कलन समिति – बैजयंत पाण्डा
(C) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति – फग्गन सिंह कुलस्ते
(D) अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति – गणेश सिंह

8. 2023 में हांगजोऊ, चीन में हुए एशियाई खेलों में भारतीय स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा एथलीट – खेल युग्म *ग़लत* है ?
(A) तजिंदरपाल सिंह तूर – शॉट पुट (पुरुष)
(B) अविनाश साबले – 3000 मीटर स्टीपलचेज (पुरुष)
(C) पारुल चौधरी – 5000 मीटर (महिला)
(D) अन्नू रानी – 100 मीटर स्प्रिन्ट (महिला)

9. निम्नलिखित में से कौन-सा देश और भारत के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास का युग्म *ग़लत* है ?
(A) रूस – इन्द्र
(B) किर्गिस्तान – खंजर
(C) सेशेल्स – लामितिये
(D) थाईलैंड – युद्ध अभ्यास

10. डेटा सुरक्षा प्रबंधन का सिद्धांत, जो ग्राहकों और संगठन के डेटा को अवैध पहुँच या प्रयोग से सुरक्षित रखने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रियाओं, नीतियों और नियंत्रणों को शामिल करता है, उसे कहा जाता है :
(A) इंटीग्रिटी
(B) प्राइवेसी
(C) अवेलेबिलिटी
(D) कॉन्फिडेन्शिएलिटी


Teachingninja.in

11. भारत वन स्थिति रिपोर्ट (ISFR) 2021 के अनुसार, मध्यप्रदेश के इनमें से कौन-से जिले में वन आवरण 10 प्रतिशत (जिले के भौगोलिक क्षेत्रफल का %) से कम है ?

(A) अशोकनगर

(B) मुरैना

(C) भिण्ड

(D) गुना

12. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 338 के अंतर्गत निम्नलिखित में से किस आयोग के गठन की बात कही गई है ?

(A) राष्ट्रीय महिला आयोग

(B) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

(C) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

(D) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

13. "मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना" जो पूरे मध्यप्रदेश में क्रियान्वित की गई है, का उद्देश्य आर्थिक स्वावलंबन के अतिरिक्त निम्न भी है :

(A) महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी

(B) महिलाओं के विवाह संबंधी खर्च

(C) महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण

(D) आपराधिक न्याय प्रणाली में महिलाओं के अधिकार

14. 30.04.1977 से 23.06.1977 के दौरान, जब मध्यप्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू किया गया, तब मध्यप्रदेश के राज्यपाल ________ थे।

(A) श्री मोहम्मद शफी कुरेशी

(B) श्री सत्य नारायण सिन्हा

(C) श्री भाई महावीर

(D) श्री बी.डी. शर्मा

15. मध्यप्रदेश के निम्नलिखित राज्यपालों में से किसका कार्यकाल सबसे छोटा रहा ?

(A) पट्टाभि सीतारमैया

(B) हरि विनायक पाटस्कर

(C) क्यासंबली चेंगलराया रेड्डी

(D) सत्य नारायण सिन्हा

16. मार्च 2023 तक भारत में इनमें से कौन-से राज्य में सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता सर्वाधिक थी ?

(A) तमिलनाडु

(B) गुजरात

(C) राजस्थान

(D) कर्नाटक

17. दशक 2001–2011 में किस राज्य की जनसंख्या वृद्धि दर भारत में सर्वाधिक रही है ?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) राजस्थान

(C) मेघालय

(D) बिहार

18. इनमें से कौन-से चक्रवात ने नवम्बर – दिसंबर, 2024 में तमिलनाडु के तटीय भाग को प्रभावित किया था ?

(A) असना

(B) दाना

(C) बिपरजॉय

(D) फेंगल

19. वर्ष 2024 में भारत में निम्नलिखित में से कौन-से परमाणु ऊर्जा केन्द्र की स्थापित क्षमता सर्वाधिक थी ?

(A) काकरापार

(B) कैगा

(C) कलपक्कम

(D) कुडनकुलम

20. किस उपनिषद में याज्ञवल्क्य और गार्गी का प्रसिद्ध संवाद मिलता है ?

(A) बृहदारण्यक उपनिषद

(B) तैत्तिरीय उपनिषद

(C) ऐतरेय उपनिषद

(D) प्रश्नोपनिषद



Teachingninja.in

21. निम्नलिखित में से कौन-सा ग़ैर-लाभकारी संगठन भारत में रोबोटिक्स और ऑटोमेशन में मानक स्थापित करने के लिए शीर्ष निकाय है ?

(A) ऑल इंडिया काउंसिल फॉर रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन (ए.आई.सी.आर.ए.)

(B) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रोबोटिक्स एंड आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एन.आई.आर.ए.)

(C) भारत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) मिशन

(D) भारतीय रोबोटिक्स कौशल केन्द्र (आर.एस.सी.आई.)

22. एक मैलवेयर, जो एक वैध सॉफ्टवेयर की तरह दिखता है और एक बार जब यह उपयोगकर्ता को बहला कर इसे इंस्टॉल करवा देता है, तो यह काफी हद तक वायरस या वर्म की तरह कार्य करता है, इसे ________ कहा जाता है।

(A) कीलॉगर

(B) रैन्समवेयर

(C) ट्रोजन

(D) स्पाइवेयर

23. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत राष्ट्रपति राज्य विशेष के लिए अनुसूचित जनजाति समुदायों के लिए लोक अधिसूचना जारी करते हैं ?

(A) अनुच्छेद 340

(B) अनुच्छेद 349

(C) अनुच्छेद 342

(D) अनुच्छेद 338

24. मध्यप्रदेश में मैंगनीज के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. वर्ष 2020 – 21 में, मध्यप्रदेश मैंगनीज निक्षेप में देश में द्वितीय स्थान पर था।

2. वर्ष 2020 – 21 में, मध्यप्रदेश मैंगनीज उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर था।

3. छिंदवाड़ा जिले में गोदावरी एवं वर्धा नदी घाटियों में मैंगनीज के निक्षेप हैं।

4. झाबुआ जिले की थांदला तहसील में मैंगनीज के निक्षेप हैं।

कूट :

(A) 1, 2 एवं 3 सही हैं

(B) 2, 3 एवं 4 सही हैं

(C) 1, 3 एवं 4 सही हैं

(D) 1, 2, 3 एवं 4 सही हैं

25. भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग निम्नलिखित में से किस आधार पर लगाया जा सकता है ?

(A) व्यावसायिक कदाचार

(B) संविधान का उल्लंघन

(C) लाभ का व्यवसाय करना

(D) मानसिक अस्थिरता

26. मध्यप्रदेश में काली मिट्टी के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(A) यह दक्कन लावा के अपक्षय से निर्मित हुई है।

(B) इस मिट्टी में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं जैव पदार्थों की मात्रा अधिक होती है।

(C) इस मिट्टी में नमी धारण करने की क्षमता अधिक होती है।

(D) यह मिट्टी मुख्यत: राज्य के पश्चिमी भागों में पाई जाती है।



Teachingninja.in

27. आई.सी.एम.आर. – राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (एन.आई.आर.टी.एच.) मध्यप्रदेश के किस शहर में स्थापित है ?

(A) इंदौर
(B) भोपाल
(C) ग्वालियर
(D) जबलपुर

28. जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को शंकर शाह और रानी दुर्गावती पुरस्कार योजना दिए जाने का उद्देश्य है :

(A) उच्च अध्ययन के लिए आवासीय सुविधा हेतु
(B) 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में मेधावी स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु
(C) तकनीकी शिक्षा में प्रोत्साहन हेतु
(D) राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं में सफल विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करने हेतु

29. दिनांक 23.12.2017 से 'आहार अनुदान योजना' किस जनजातीय समुदाय के कुपोषण को दूर करने की योजना है ?

(A) भील जनजातीय समुदाय
(B) विशेष पिछड़े जनजातीय समुदाय
(C) अशिक्षित जनजातियाँ
(D) बेरोज़गार जनजातियाँ

30. मध्यप्रदेश में वर्ष 2023 – 24 में कुल कितनी वृहद एवं मध्यम एकीकृत जनजातीय विकास परियोजनाएँ अस्तित्व में हैं ?

(A) 20
(B) 25
(C) 31
(D) 36

31. मौद्रिक नीति का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(A) सरकारी खर्च बढ़ाना
(B) मूल्य स्थिरता बनाए रखना और आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करना
(C) राजकोषीय घाटा कम करना
(D) विदेशी मुद्रा भण्डार को नियंत्रित करना

32. वित्तीय वर्ष 2023 – 24 में भारत के कुल व्यापार घाटे को कम करने में किस क्षेत्र ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ?

(A) कृषि निर्यात
(B) माल निर्यात
(C) सेवा निर्यात
(D) ऑटोमोबाइल निर्यात

33. वर्ष 2017 – 18 में भारत के किस राज्य में विनिर्माण क्षेत्र में पूँजी गहनता सबसे अधिक है ?

(A) गुजरात
(B) महाराष्ट्र
(C) तमिलनाडु
(D) मध्यप्रदेश

34. भारत किन कृषि उत्पादों में सबसे बड़ा उत्पादक है ?

(A) चावल, गेहूँ और कपास
(B) दूध, दालें और मसाले
(C) चाय, कॉफी और जूट
(D) गन्ना, मक्का और तिलहन

35. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-से जिले की जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर सर्वाधिक थी ?

(A) सिंगरौली
(B) भोपाल
(C) इंदौर
(D) बड़वानी



Teachingninja.in

36. 2020 में SDG इंडिया इंडेक्स 3.0 में मध्यप्रदेश का समग्र SDG (सतत विकास लक्ष्य) स्कोर कितना था ?

(A) 56

(B) 58

(C) 60

(D) 62

37. राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान अध्ययन केन्द्र (NCESS) किस राज्य में स्थित है ?

(A) आन्ध्र प्रदेश

(B) केरल

(C) तमिलनाडु

(D) कर्नाटक

38. उद्यम क्रांति योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(A) MSMEs को मुफ़्त बिजली प्रदान करना

(B) स्वरोजगार के लिए गारंटी रहित ऋण प्रदान करना

(C) स्टार्टअप्स के लिए कर छूट

(D) उद्यमियों के लिए मुफ़्त प्रशिक्षण

39. 2023 – 24 में मध्यप्रदेश सरकार के कुल व्यय बजट का कितना प्रतिशत शिक्षा के क्षेत्र के लिए आबंटित किया गया था ?

(A) 12·22%

(B) 10·5%

(C) 18·0%

(D) 15·0%

40. 2023 – 24 में मध्यप्रदेश में सबसे अधिक उत्पादकता वाली सब्ज़ी कौन-सी थी ?

(A) प्याज

(B) आलू

(C) बैंगन

(D) टमाटर

41. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योज़ना (NeGP) के तहत मिशन मोड परियोजनाओं का सार-संग्रह कहा जाता है :

(A) ई-प्रमाण

(B) डिजीलॉकर

(C) सारांश

(D) एम.ई.आई.टी.वाई

42. सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'फेसबुक' की स्थापना किसने की थी ?

(A) मार्क ज़ुकरबर्ग

(B) इलॉन मस्क

(C) बिल गेट्स

(D) जैक डोर्सी

43. गार्टनर के ई-गवर्नेंस के विकास मॉडल के चार चरणों का सही क्रम है :

(A) सूचना → बातचीत → लेन-देन → परिवर्तन

(B) बातचीत → लेन-देन → सूचना → परिवर्तन

(C) लेन-देन → परिवर्तन → बातचीत → सूचना

(D) बातचीत → लेन-देन → परिवर्तन → सूचना

44. निम्नलिखित में से कौन 2024 के पद्म विभूषण पुरस्कार के प्राप्तकर्ता *नहीं* हैं ?

(A) सुश्री वैजयंतीमाला बाली

(B) श्री कोनिडेला चिरंजीवी

(C) श्री एम. वेंकैया नायडू

(D) श्री ए.आर. रहमान



Teachingninja.in

45. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अनुसूचित जनजातियों के लिए राज्य की विधानसभा में सीटों के आरक्षण का प्रावधान है ?

(A) अनुच्छेद 339
(B) अनुच्छेद 332
(C) अनुच्छेद 334
(D) अनुच्छेद 243D

46. एफपीजीए (FPGA) एकीकृत सर्किट हैं, जिनका AI को डिप्लोय करने के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। एफपीजीए का विस्तृत रूप क्या है ?

(A) फील्ड प्रोग्रामेबल गेट ऐरेज़
(B) फॉरवर्ड प्रोग्रामेबल ग्राफिकल एडवांसमेंट
(C) फॉरवर्ड प्रोग्राम ग्रुप इंटेलीजेंस
(D) फास्टर प्रोग्राम जेस्चर एनालिटिक्स

47. जनजातियों पर लिखी पुस्तकों की सूची-I को उनके लेखकों की सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | *सूची-I (पुस्तक)* | | *सूची-II (लेखक)* |
|---|---|---|---|
| (i) | द ट्राइब्स एण्ड कास्ट्स ऑफ द सेंट्रल प्रॉविंसेस ऑफ इण्डिया | 1. | वेरियर एल्विन |
| (ii) | ट्राइबल डेवलपमेंट इन म.प्र. : ए प्लानिंग पर्सपेक्टिव | 2. | टी.बी. नाइक |
| (iii) | द भील्स : ए स्टडी | 3. | आर.वी. रसेल एवं आर.बी. हीरालाल |
| (iv) | द बैगा | 4. | अजित रायज़ादा |

**कूट :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 2 | 3 | 1 | 4 |

48. किसी भी प्रकार की त्रुटि जैसे कनेक्शन विफलता, डेटा की हानि, आदि से उभरने की कंप्यूटर नेटवर्क की क्षमता को ________ कहा जाता है।

(A) रूटिंग
(B) बैंडविड्थ
(C) विवाद (कंटेन्शन)
(D) लचीलापन (रेसिलिएंस)

49. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक राजशेखर द्वारा ***नहीं*** लिखी गई है ?

(A) काव्यमीमांसा
(B) कर्पूरमंजरी
(C) प्रबंधचिन्तामणि
(D) विद्धशालभञ्जिका

50. MS-DOS निम्नलिखित में से किस प्रकार के यूजर इंटरफेस वाला एक ऑपरेटिंग सिस्टम है ?

(A) ग्राफिकल यूजर इंटरफेस
(B) स्पर्श-आधारित यूजर इंटरफेस
(C) कमांड-आधारित इंटरफेस
(D) आवाज (ध्वनि) आधारित इंटरफेस


Teachingninja.in

**51.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची-I (जिला) | सूची-II (सीमेंट उद्योग) |
|---|---|
| (i) दमोह | 1. मालनपुर |
| (ii) भिण्ड | 2. नरसिंहगढ़ |
| (iii) सतना | 3. बानमोर |
| (iv) मुरैना | 4. मैहर |

**कूट :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**52.** सिंगरौली जिले के महान ऐलुमिनियम प्लांट के संबंध में निम्नलिखित कथनों के आधार पर नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. सिंगरौली जिले के बरगवां के निकट महान ऐलुमिनियम प्लांट अवस्थित है।
2. उत्पादन 2013 से प्रारंभ हुआ।
3. इसके कुल उत्पादन का 80 प्रतिशत निर्यात किया जाता है।
4. स्मेल्टिंग के लिए फ्रांसीसी तकनीकी का उपयोग किया जाता है।

**कूट :**

(A) 1, 2 एवं 3 सही हैं

(B) 2, 3 एवं 4 सही हैं

(C) 1, 2 एवं 4 सही हैं

(D) 1, 2, 3 एवं 4 सही हैं

**53.** निम्नलिखित में से कौन मध्यप्रदेश के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTG) के अंतर्गत ***नहीं*** आते हैं ?

(A) सहरिया

(B) बैगा

(C) भारिया

(D) असुर

**54.** छिंदवाड़ा जिले के पातालकोट क्षेत्र में कौन-सी जनजाति का बाहुल्य है ?

(A) भील

(B) भारिया

(C) खैरवार

(D) उरांव

**55.** पी.आर. श्रीजेश को अपने कैरियर में निम्नलिखित में से कौन-सा पुरस्कार ***नहीं*** मिला ?

(A) अर्जुन पुरस्कार

(B) ध्यान चन्द खेल रत्न पुरस्कार

(C) पद्म भूषण

(D) द्रोणाचार्य पुरस्कार



Teachingninja.in

**56.** किस संविधान संशोधन के द्वारा 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार को मौलिक (मूल) अधिकार बनाया गया ?

(A) 68वें संविधान संशोधन द्वारा

(B) 85वें संविधान संशोधन द्वारा

(C) 86वें संविधान संशोधन द्वारा

(D) 87वें संविधान संशोधन द्वारा

**57.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

| *सूची-I* *(नदी)* | *सूची-II* *(स्थान/नगर)* |
|---|---|
| (i) बेतवा | 1. बालाघाट |
| (ii) ताप्ती (तापी) | 2. उज्जैन |
| (iii) क्षिप्रा | 3. मुलताई |
| (iv) वैनगंगा | 4. ओरछा |

**कूट :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**58.** मध्यप्रदेश की जलवायु के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. प्रदेश में अधिकांश वर्षा मानसून से होती है।
2. शीतकाल में वायु की गति, ग्रीष्मकाल एवं वर्षा ऋतु की अपेक्षा तीव्र होती है।
3. प्रदेश में मानसूनी वर्षा के वितरण पर समुद्र से दूरी का भी प्रभाव पड़ता है।
4. पचमढ़ी में ग्रीष्मकाल में तापमान समुद्र-तल से ऊँचाई से संबंधित है।

**कूट :**

(A) 1, 2 एवं 3 सही हैं

(B) 2, 3 एवं 4 सही हैं

(C) 1, 3 एवं 4 सही हैं

(D) 1, 2, 3 एवं 4 सही हैं

**59.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

| *सूची-I* *(खनिज)* | *सूची-II* *(प्रमुख क्षेत्र)* |
|---|---|
| (i) ताँबा | 1. मंदसौर |
| (ii) हीरा | 2. शहडोल |
| (iii) स्लेट | 3. बैहर |
| (iv) बॉक्साइट | 4. हिनोता |

**कूट :**

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**60.** "एक जिला एक उत्पाद" योजना के तहत छतरपुर का प्रमुख उत्पाद क्या है ?

(A) टमाटर

(B) कपास

(C) लकड़ी के फर्नीचर

(D) हस्तकरघा वस्त्र



Teachingninja.in

61. 'आल्हाखण्ड' के लेखक कौन हैं ?

(A) चन्दबरदाई

(B) राजशेखर

(C) परमार्दिदेव

(D) जगनिक

62. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक केशवदास द्वारा *नहीं* लिखी गई है ?

(A) रामचन्द्रिका

(B) कविप्रिया

(C) रतन बावनी

(D) राम रसायन

63. मध्यप्रदेश में मातंगेश्वर मंदिर कहाँ स्थित है ?

(A) माण्डू

(B) चित्रकूट

(C) त्रिपुरी

(D) खजुराहो

64. निम्नलिखित में से कौन-सी मानव शरीर में सबसे छोटी मांसपेशी है ?

(A) बाइसेप

(B) सार्टोरियस

(C) स्टेपीडियस

(D) ट्राइसेप

65. मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र में "मनसुखा" लोक नाट्य प्रचलित है ?

(A) पूर्वी निमाड़

(B) मालवा

(C) बघेलखण्ड

(D) पश्चिमी निमाड़

66. 'सत्कार्यवाद' किस दर्शन का मुख्य आधार है ?

(A) वैशेषिक दर्शन

(B) मीमांसा दर्शन

(C) सांख्य दर्शन

(D) न्याय दर्शन

67. किस आश्रम में रहते हुए, मनुष्य को पंच महायज्ञों का अनुष्ठान करना पड़ता था ?

(A) ब्रह्मचर्य आश्रम

(B) गृहस्थ आश्रम

(C) वानप्रस्थ आश्रम

(D) संन्यास आश्रम

68. तमिलनाडु में वैष्णव धर्म का प्रचार अलवार संतों द्वारा किया गया। अलवार संतों में एकमात्र महिला साध्वी कौन थी ?

(A) नाम्मालवार

(B) पोयगई

(C) थिरुमंगई

(D) अण्डाल

69. वर्ष 2021 – 22 में, इनमें से कौन-सा राज्य देश में क्षेत्रफल में द्वितीय और दालों के उत्पादन में प्रथम स्थान पर था ?

(A) महाराष्ट्र

(B) राजस्थान

(C) गुजरात

(D) मध्यप्रदेश

70. प्रत्येक वेद के लिए अलग-अलग ब्राह्मण ग्रंथ लिखे गए। यजुर्वेद से संबंधित ब्राह्मण ग्रंथ है :

(A) गोपथ

(B) पञ्चविंश तथा जैमिनीय

(C) ऐतरेय तथा कौषीतकि

(D) तैत्तिरीय तथा शतपथ



Teachingninja.in

71. कथन I : संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर, 1946 को नई दिल्ली में हुई थी।

कथन II : जवाहरलाल नेहरू को संविधान सभा में आमंत्रित नहीं किया गया था।

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है ?

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II ग़लत है।

(D) कथन I ग़लत है, लेकिन कथन II सही है।

72. मध्यप्रदेश में वर्ष 2024 में तेल रिफाइनरी की संख्या कितनी थी ?

(A) तीन

(B) एक

(C) चार

(D) दो

73. भारतीय संविधान के संदर्भ में 'आधारभूत ढाँचा' सिद्धांत का प्रतिपादन सर्वप्रथम निम्नलिखित में से किस मामले में किया गया था ?

(A) शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ

(B) चम्पकम दोराईराजन बनाम मद्रास राज्य

(C) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य

(D) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य

74. उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति के प्रावधानों को भारतीय संविधान में ________ कमेटी (1945) की प्रकाशित अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए समाविष्ट किया गया था।

(A) हरेन्द्र कुमार

(B) सेन (उषा नाथ सेन)

(C) वरदाचारी (एस. वरदाचारी)

(D) सप्रू (सर तेज बहादुर सप्रू)

75. वर्तमान समय में भारतीय संविधान में संपत्ति के अधिकार को निम्नलिखित में से किस रूप में स्वीकार किया गया है ?

(A) मूल अधिकार

(B) राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व

(C) मानवाधिकार

(D) कानूनी अधिकार

76. वर्ष 2021 में, भारत के कौन-से राज्य में वन क्षेत्र सर्वाधिक था ?

(A) महाराष्ट्र

(B) मध्यप्रदेश

(C) ओडिशा

(D) आंध्र प्रदेश

77. बघेलखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर रणमत सिंह को कब फाँसी दी गई ?

(A) अगस्त, 1857

(B) अगस्त, 1858

(C) अगस्त, 1859

(D) अगस्त, 1862

78. दक्षिणी दोलन इनमें से कौन-से दो महासागरों के मध्य दोलन प्रतिरूप है ?

(A) प्रशांत एवं अटलांटिक महासागर

(B) प्रशांत एवं हिन्द महासागर

(C) अटलांटिक एवं हिन्द महासागर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

79. इनमें से कौन-सा राज्य भारत में लौह-अयस्क के निक्षेपित भण्डार में प्रथम स्थान (2020 – 21) पर था ?

(A) झारखण्ड

(B) ओडिशा

(C) कर्नाटक

(D) छत्तीसगढ़

80. निम्नलिखित में से सबसे लंबी नदी कौन-सी है ?

(A) नर्मदा

(B) कावेरी

(C) कृष्णा

(D) गोदावरी



Teachingninja.in

81. 15 नवम्बर को 'जनजातीय गौरव दिवस' किस जनजातीय नायक के जन्मदिन के सम्मान में आयोजित किया जाता है ?

(A) टंट्या मामा
(B) रानी दुर्गावती
(C) भगवान बिरसा मुण्डा
(D) महुआ कोल (माहा सिंह)

82. T20 विश्व कप फाइनल 2024 के संबंध में कौन-सा कथन *ग़लत* है ?

(A) यह दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था
(B) प्लेयर ऑफ द मैच – विराट कोहली
(C) प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट – जसप्रीत बुमराह
(D) फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराया

83. मध्यप्रदेश सरकार ने रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती मनाने के लिए कई पहल की हैं। निम्नलिखित में से कौन-सी/से सही है/हैं ?

1. रानी दुर्गावती अन्न प्रोत्साहन योजना
2. जबलपुर में रानी दुर्गावती स्मारक एवं उद्यान का निर्माण
3. मध्यप्रदेश जनजाति महिला कल्याण बोर्ड की स्थापना
4. रानी दुर्गावती की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करना

**कूट :**

(A) केवल 1
(B) 1 एवं 2
(C) 1, 2 एवं 3
(D) 1, 2, 3 एवं 4

84. वर्ष 2023 के लिए मध्यप्रदेश सरकार के प्रतिष्ठित किशोर कुमार सम्मान के प्राप्तकर्ता कौन थे ?

(A) कैलाश खेर
(B) शंकर महादेवन
(C) राजकुमार हिरानी
(D) विशाल भारद्वाज

85. अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस (27 सितम्बर, 2024) को, मध्यप्रदेश के तीन गाँवों को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा उनके उत्कृष्ट सतत पर्यटन प्रयासों के लिए मान्यता दी गई थी। निम्नलिखित में से कौन-सा गाँव उनमें *नहीं* था ?

(A) प्राणपुर
(B) साबरवानी
(C) लाडपुरा खास
(D) घोगरा

86. राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कब मनाया जाता है ?

(A) 23 मई
(B) 23 सितम्बर
(C) 23 अगस्त
(D) 23 नवम्बर

87. भारत सरकार ने पर्यावरण की गुणवत्ता की रक्षा और सुधार के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम कब पारित किया ?

(A) 1981
(B) 1986
(C) 1988
(D) 1998

88. समुदायों का वह संपूर्ण क्रम जो किसी दिए गए क्षेत्र में क्रमिक रूप से बदलता है, कहलाता है :

(A) पारिस्थितिक अनुक्रमण
(B) क्रमक
(C) चरम समुदाय
(D) समानान्तर विकास

89. भारतीय पेट्रोलियम संस्थान कहाँ स्थित है ?

(A) धनबाद
(B) चंडीगढ़
(C) भावनगर
(D) देहरादून

90. मध्यप्रदेश में वित्तीय वर्ष 2011 – 12 से 2023 – 24 तक चालू कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय कितनी बढ़ी है ?

(A) दुगुनी
(B) लगभग तिगुनी
(C) लगभग चार गुना
(D) कोई महत्त्वपूर्ण बदलाव नहीं



Teachingninja.in

91. राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में किस आयु वर्ग के बच्चे/किशोर सम्मिलित हैं ?
(A) 8 से 15 वर्ष
(B) 8 से 17 वर्ष
(C) 9 से 16 वर्ष
(D) 10 से 19 वर्ष

92. विधि एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारत के राजपत्र में प्रकाशित 'द बायोलॉजिकल डाइवर्सिटी (अमेंडमेंट) एक्ट' [जैव विविधता (संशोधन) अधिनियम], 2023 किस दिनांक को प्रकाशित किया गया था ?
(A) 13 जून
(B) 03 जुलाई
(C) 03 अगस्त
(D) 13 सितम्बर

93. नेशनल डिज़ास्टर रिस्पाँस फोर्स एकेडमी (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल अकादमी) की स्थापना किस शहर में की गई थी ?
(A) नागपुर
(B) कानपुर
(C) भरतपुर
(D) शिमला

94. डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर ने भीमबेटका के शैलाश्रयों की खोज कब की ?
(A) 1951 – 1952
(B) 1954 – 1955
(C) 1960 – 1961
(D) 1957 – 1958

95. ''राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन'' ने किस वर्ष तक सिकल सेल एनीमिया को भारत से समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है ?
(A) 2032
(B) 2037
(C) 2042
(D) 2047

96. उचेहरा कांस्य शिल्प का बड़ा केन्द्र है। उचेहरा मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है ?
(A) बालाघाट
(B) सतना
(C) सिवनी
(D) खण्डवा

97. बाघ (जिला धार) की किस गुफा को 'रंग महल' कहा जाता है ?
(A) दूसरी
(B) तीसरी
(C) चौथी
(D) आठवीं

98. इनमें से कौन-सी दो श्रेणियों के मध्य नीलगिरि पहाड़ियाँ स्थित हैं ?
(A) हिमालय और अरावली
(B) विन्ध्याचल और सतपुड़ा
(C) सहयाद्रि (पश्चिमी घाट) एवं पूर्वी घाट
(D) सतपुड़ा और अरावली

99. छतरपुर के चरण पादुका गोली कांड में भीड़ पर गोली चलाने का आदेश किसने दिया ?
(A) जी.टी. फिशर
(B) आसबर्न
(C) मेजर गॉसेन
(D) मेजर टिमनिस

100. टूरिया जंगल सत्याग्रह का नेतृत्व किसने किया ?
(A) ठाकुर मोहकम सिंह
(B) रामू गोंड
(C) गंजन सिंह कोरकू
(D) मूका लोहार



Teachingninja.in